**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 03.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

**1— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बारह माओवादी मारे गए—तीन जवान भी शहीद।**

**2— अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धमतरी जिले के बसंत विकास साहू को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।**

**3— सरगुजा जिले में अमेरा कोल खदान के पास आज आक्रोशित ग्रामीणों के हमले में करीब दो दर्जन पुलिस जवानों के घायल होने की खबर।**

**4— रायपुर में खेले जा रहे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में विराट कोहली और रितुराज गायकवाड़ की शतकीय पारी की मदद से भारत ने पहले खेलते हुए तीन सौ अंठावन रन बनाए।**

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बारह माओवादी मारे गए हैं। वहीं, इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के तीन जवान भी शहीद हुए हैं। जबकि, दो अन्य जवान घायल हुए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि बीजापुर—दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, स्पेशल टास्क फोर्स, कोबरा तथा सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। घटनास्थल से अब तक बारह माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा मौके से रायफलें और अन्य विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई है। इस मुठभेड़ में बीजापुर के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक प्रधान आरक्षक, एक आरक्षक और एक जवान शहीद हो गया है। वहीं, दो अन्य जवान घायल हुआ है। इस इलाके के लिए सुरक्षा बलों का अतिरिक्त बल भेजा गया है। क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन जारी है।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस—01

आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कुरूद निवासी बसंत विकास साहू भी शामिल हैं। श्री साहू को उनकी असाधारण उपलब्धियों और सामाजिक योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि किसी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है, जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनके साथ दया नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बसंत विकास साहू ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद बसंत साहू ने कला और समाजेसवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। वे पिछले सत्ताईस वर्षों से अपनी भुजा में ब्रश बांधकर जनजातीय संस्कृति का सजीव चित्रण कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस—02

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर के सेमरिया स्थित कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज सूरजपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य शक्ति हैं और उनके सम्मान, अधिकारों तथा समान अवसरों को सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री कार्यालय–सेवा तीर्थ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राजभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोकभवन और लोक निवास किया जा रहा है। उन्होंने इसे एक विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

मंत्रिमंडल–निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान प्रदेश में एक दिसंबर से लागू हो गया है। इसके अलावा राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्थानीय लघु और सूक्ष्म उद्योगों से खरीदी को प्रोत्साहन देने और जेम पोर्टल में खरीदी आसान करने के लिए संशोधन करने का निर्णय लिया गया।

संचार साथी ऐप

केन्द्र सरकार ने संचार साथी ऐप की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए मोबाइल निर्माताओं के लिए प्री–इंस्टालेशन की अनिवार्यता को हटा दिया है। इस बीच, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज लोकसभा में विपक्ष के जासूसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगी। श्री सिंधिया ने स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार पंजीकरण करके ऐप को सक्रिय कर सकते हैं और इससे लाभान्वित हो सकते हैं।

लोकसभा–रेल परियोजना

अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ की कई रेल अधोसंरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल के वर्षों में रेल परियोजनाओं को पूरा करने का काम तेजी से किया जा रहा है। यह जानकारी आज लोकसभा में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। श्री वैष्णव ने बताया कि अस्सी किलोमीटर लंबी बोरिडांड–अंबिकापुर दोहरीकरण परियोजना पर कार्य शुरू किया जा चुका है। वहीं, अंबिकापुर–रामानुजगंज–बरवाडीह नई रेललाइन तथा दो सौ बासठ किलोमीटर लंबी रामानुजगंज–गढ़वा रोड सहायक लाइन की परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। इसी प्रकार, दो सौ अट्ठारह किलोमीटर लंबी सरडेगा–पत्थलगांव–अंबिकापुर नई रेललाइन परियोजना की रिपोर्ट भी पूरी कर ली गई है।

अंबिकापुर–ग्रामीण प्रदर्शन

सरगुजा जिले में एक कोल खदान के विस्तार के दौरान आज तनाव की स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सूत्रों के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों ने निर्णय का विरोध करते हुए पुलिस बल पर हमला करने का प्रयास किया। इस घटना में करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है। वहीं, कुछ ग्रामीण भी घायल हुए हैं। यह मामला अंबिकापुर के पास लखनपुर क्षेत्र में स्थिति अमेरा कोल खदान का है। मौके के लिए अतिरिक्त पुलिस बल रवाना किया गया है। जिला और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं।

एसआईआर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत प्रदेश में अब तक लगभग दो करोड़ छिहत्तर हजार से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल पंजीकृत मतदाताओं का चौरानवे दशमलव पांच प्रतिशत से अधिक है। बीजापुर जिले में एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ दुर्गम वन क्षेत्रों में टीम के साथ इंद्रावती नदी पार कर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। उप निर्वाचन अधिकारी एन.आर. गवेल ने बताया कि जिले में अस्सी प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण कर लिया गया है।

एसआईआर–विशेष कार्यक्रम

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर पर प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल चार दिसंबर को सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपलिंक पर उपलब्ध रहेगा और इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

हवाई प्रेषण सेवा

रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल से देश के विभिन्न शहरों के लिए आउटबाउंड कार्गो सेवा के माध्यम से डाक थैलों का प्रेषण फिर से शुरू कर दिया गया है। भारतीय डाक विभाग और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच हुए समझौते के तहत यह हवाई प्रेषण सेवा इक्कीस नवंबर से शुरू की गई है। इस व्यवस्था से छत्तीसगढ़ परिमंडल के विभिन्न डाकघरों से बुक किए जाने वाले स्पीड पोस्ट और स्पीड पोस्ट पार्सल की पारेषण गति में वृद्धि होगी।

क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। भारत ने निर्धारित पचास ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर तीन सौ अंठावन रन बनाए। भारत की ओर से विराट कोहली और रितुराज गायकवाड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। वहीं, कप्तान के.एल. राहुल ने छियासठ रनों का योगदान दिया।  दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसन ने दो विकेट लिए। जीत के लिए मिले तीन सौ उनसठ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम ने समाचार लिखे जाने तक पंद्रह ओवर में एक विकेट के नुकसान पर तिरासी रन बना लिए हैं। भारत फिलहाल श्रृंखला में एक–शून्य से आगे है।

संक्षिप्त समाचार

– राजनांदगांव जिले में करीब सवा करोड़ रूपये की शेयर ट्रेडिंग ठगी के मामले में पुलिस ने ओडिशा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

– कोरिया जिले में जिला प्रशासन ने पोड़ी–बचरा स्थित एक राईस मिल पर कार्रवाई करते हुए तेरह सौ क्विंटल से अधिक अवैध चावल जब्त किया है। इसकी कीमत करीब बयालीस लाख रूपये आंकी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>